**Reg No : ---------------------**
**Name : ---------------------**

# SSLC ANNUAL EXAMINATION, MARCH 2022
## HINDI

**Time : 90 minutes** **Third Language** **Total Score : 40**

**सामान्य निर्देश :**

- पहला 20 मिनट के समय प्रश्नों का वाचन करें, मनपसंद प्रश्नों का चयन करें तथा उत्तर लिखने की तैयारी करें ।
- सूचनाओं को ध्यान से पढें और उत्तर लिखें ।
- उत्तर लिखते समय अंक और समय पर ध्यान दें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।
- 1 से 24 तक के प्रश्नों के लिए अधिकतम अंक 40 हैं ।

**Score**

**PART - 1**

**A) सूचना : 1 से 6 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 4 के उत्तर लिखें । ( 4 X 1 = 4 )**

1. ‘ धुआँ उठा आँगन से ऊपर ’- का तात्पर्य है -------- ?
   (क) घर में आग लग गई। (ख) घर में खाना पकाने लगा।
   (ग) घर के के लोगों ने भोजन किया। (घ) घर में दीया जलाया।

2. सही वाक्य चुनकर लिखें ।
   (क) लोग तालियाँ बजाने लगीं । (ख) लोग तालियाँ बजाने लगे ।
   (ग) लोग तालियाँ बजाने लगा । (घ) लोग तालियाँ बजाना लगे ।

3. चार्ली ने बीच में गाना क्यों रोक दिया ?
   (क) गाना आधा ही आता था । (ख) स्टेज पर से पैसा बटोरना था ।
   (ग) गाना भूल गया था । (घ) गला खराब हो गया था ।

4. ‘ छोटू सिर्फ़ छोटू होकर नहीं जीना चाहता ।’- इसका मतलब क्या है ?
   (क) वह कलाम नाम पसंद करता है। (ख) वह कलाम जैसा बनना चाहता है।
   (ग) वह कलाम के साथ काम करता है। (घ) वह कलाम का पडोसी बनना चाहता है।

5. ‘ तेरे सिर में फिर से चोट लग जाएगी तो ... ? ’- यहाँ साहिल का कौन-सा मनोभाव प्रकट होता है ?
   (क) उसकी निर्भयता का (ख) उसकी अंतरंग मित्रता का
   (ग) खेल के प्रति उसकी अरुचि का (घ) पढाई के प्रति उसकी रुचि का

6. गंगी रस्सी छोडकर क्यों भाग गई ?
   (क) अपने पति से जल्दी मिलने की इच्छा से। (ख) ठाकुर द्वारा पकडे जाने के डर से।
   (ग) कुएँ का पानी गंदा होने से। (घ) कुएँ से पानी मिलने से।

**B) सूचना : 7 से 9 तक के प्रश्नों में से सभी 3 के उत्तर लिखें । ( 3 X 1 = 3 )**

7. ‘ जी भर के जी लेना ‘- का मतलब क्या है ? 1
   (क) दुख से जीना (ख) खुशी से जीना
   (ग) निराशा से जीना (घ) घृणा से जीना

8. **सही विकल्प चुनकर लिखें ।**
   (क) वह + का = उनका (ख) यह + का = उनका (ग) वे + का = उनका (घ) ये + का = उनका

9. ‘ हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है यह ’- यहाँ भयानक पंक्ति से क्या मतलब है ?
   (क) लंबी पंक्ति । (ख) काम केलिए जानेवाले बच्चों की पंक्ति ।
   (ग) सडक के लोगों की पंक्ति । (घ) काम केलिए जानेवाले मज़दूरों की पंक्ति ।

## PART - 2

**A) सूचना : प्रश्न 10 का उतर एक या दो वाक्य में लिखें ।** **( 1 X 2 = 2 )**

10. **कोष्ठक के उचित शब्द सही स्थान पर रखकर पिरामिड की पूर्ति करें ।** 2

| |
|---|
| कलाम सीख जाता है । |
| कलाम बोली सीख जाता है । |
| ------------------। |
| ------------------। |

( विदेशी, झट से )

**B) सूचना : 11 से 12 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 1 के उत्तर लिखें ।** **( 1 X 2 = 2 )**

11. ‘ व्यक्ति को मैं नहीं जानता था
हताशा को जानता था ’ - इससे कवि क्या कहना चाहते हैं ?

12. “ अरी बेवकूफ यह घर तो पराया है।“- बुआ के इस कथन पर अपना विचार लिखें।

## PART - 3

**A) सूचना : 13 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें ।** **( 3 X 3 = 9 )**

13. **तीन सही प्रस्ताव चुनकर लिखें** ।

(क) गंगी रात को ठाकुर के कुएँ से पानी लेने जाती है ।
(ख) गंगी को ठाकुर के कुएँ से पानी लेने की अनुमति थी ।
(ग) गंगी विद्रोही औरत है ।
(घ) गंगी वृक्ष की आड में बैठी अवसर की प्रतीक्षा करने लगी ।
(ङ) गंगी के विचार में ठाकुर जैसे लोग छंटे हैं ।

14. पंक्तियों का **आशय** लिखें।

| |
|---|
| दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद<br>धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद |

15. कवि और कविता का परिचय देते हुए इन **पंक्तियों का आशय** लिखें।

| |
|---|
| इतिहासों की सामूहिक गति<br>सहसा झूठी पड जाने पर<br>क्या जाने<br>सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले ! |

16. **सही जोडे बनाएँ ।**

| | |
|---|---|
| मिहिर | चाय की दुकान में करता था । |
| मोरपाल | स्कूल यूनीफॉर्म बोझ थी । |
| कलाम | स्कूल परक्षा का डर दिखाता था । |
| | रोज़ स्कूल जाना पसंद करता था । |

**B) सूचना : प्रश्न 17 का उतर तीन या चार वाक्य में लिखें ।** **( 1 X 3 = 3 )**

17. पूलदेई त्यौहार की विशेषताएँ क्या-क्या हैं ?

## PART - 4

**A) सूचना : 18 से 20 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें । ( 2 X 4 = 8 )**

18. ‘ धरती सबकी है ; सबका समान अधिकार है ’- समानता का संदेश देते हुए **पोस्टर** बनाएँ ।

19. ‘ पाँच साल के एक बालक ने हॉल को हँसीघर में तब्दील कर दिया ।’- इस घटना पर **रपट** तैयार करें ।

20. **उचित वाक्यांश चुनें, वाक्यों की पूर्ति करें ।**

* जानवर गिरकर मरा है । * बीमारी बढ जाएगी ।
* पानी शुद्ध बनता है । * प्यास से परेशान है ।

| | |
|---|---|
| (क) बीमार जोखू | -------------------------------------- । |
| (ख) पानी में बदबू | -------------------------------------- । |
| (ग) खराब पानी से | -------------------------------------- । |
| (घ) उबालने देने से | -------------------------------------- । |

**B) सूचना : 21 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 1 के उत्तर लिखें । ( 1 X 4 = 4 )**

21. इसी बीच शादी के कार्ड छपके आए । गुठली बडी उत्सुक थी । जैसे-तैसे पूजा-पाठ के बाद कार्ड हाथ में आया तो गुठली का मुँह उतर गया । वह ताऊजी के पास जाकर बोली, “ देखिए, भइया मेरा नाम कार्ड में छपवाना भूल गया ?” ताऊजी बोले, “ भूला नहीं है रे ... अपने घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते ।

कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य तैयार करें ।

22. भोपाल ताल की सैर के बारे में मोहन राकेश अपनी डायरी लिखता है । मोहन राकेश की संभावित **डायरी** लिखें ।

## PART - 5

**A) सूचना : 23 से 24 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 1 के उत्तर लिखें । ( 1 X 5 = 5 )**

23. सुरेंदर माटसाब के व्यवहार से बेला को बडा दुख हुआ । इसका जिक्र करके बेला अपनी सहेली को पत्र लिखती है । वह **पत्र** कल्पन करके तैयार करें ।

24. एक दिन रणविजय को उसके स्कूल में भाषण देने केलिए कहा जाता है । रणविजय परेशान है क्योंकि उसकी हिंदी इतनी अच्छी नहीं । कलाम यह जानता है झट एक अच्छा-सा भाषण लिख अपने दोस्त रणविजय को दे देता है । रणविजय प्रथम पुरस्कार पाता है ।

भाषण प्रतियोगिता की चिंता में परेशान बैठनेवाले रणविजय और कलाम के बीच की **बातचीत** लिखें ।

**- o O o -**